निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)

आरबीआई/ चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय/ संपदा / 46 /24-25 /ईटी/870[एम ओ पी में फायर सेवाओं के लिए ए एम सी]

भारतीय रिज़र्व बैंक, नं.16, फोर्ट ग्लासिस, राजाजी सालै, चेन्नै – 600 001, (इसके बाद "बैंक" कहा गया है), कार्य, अर्थात "**भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै के मुख्य कार्यालय परिसर में फायर ऑफिसर, फायर सुपरवाइजरों और फायर गार्डों की सेवाएं प्रदान करने के लिए सेवा संविदा**" हेतु दो बोली प्रणाली (तकनीकी और वित्तीय बोली) के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। यह करार एक वर्ष की अवधि के लिए, अर्थात 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक उक्त सेवा प्रदान करने के लिए होगा, जिसे सेवा प्रदाता/ संविदाकार के संतोषजनक कार्यनिष्पादन और बैंक के विवेक के अधीन दो और वर्ष (एक बार में एक वर्ष) तक बढ़ाया जा सकता है।

निविदाकर्ताओं को अपना प्रस्ताव ई-निविदा संबंधी अनुदेशों के अनुसार पूरी तरह से भरकर सभी समर्थक दस्तावेजों के साथ 10 मार्च 2025 को या उससे पहले शाम 04:30 बजे तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत करना चाहिए। निविदाकर्ता ₹1,00,000/- के प्रतिदेय ईएमडी के साथ निविदा प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे, जैसा कि निविदा में निर्धारित है। तकनीकी बोलियां (भाग I) 11 मार्च, 2025 को दोपहर 03.30 बजे इलेक्ट्रॉनिक रूप से खोली जाएंगी। ऊपर बताई गई किसी भी तारीख को अवकाश घोषित किए जाने की स्थिति में, अगला कार्य दिवस यहां उल्लिखित संबंधित उद्देश्य के लिए प्रभावी होगा। जहां तक वित्तीय बोली (भाग-II) खोलने का सवाल है ऐसे बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियां ही संबंधित बोलीदाताओं को सूचित करने के पश्चात, बाद की तारीख में खोली जाएंगी जिन्हें अपने भाग-I दस्तावेजों और स्थल के दौरे आदि के मूल्यांकन के आधार पर पात्र पाया गया है।

निविदा दस्तावेज आरबीआई की वेबसाइट www.rbi.org.in और www.mstcecommerce.com से डाउनलोड किया जा सकता है। यदि इस निविदा के संबंध में कोई संशोधन/ शुद्धिपत्र/ स्पष्टीकरण जारी किया जाता है तो उसे केवल वेबसाइट/ ई-पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। निविदाकर्ता को बोली प्रस्तुत करने से पहले किसी भी संशोधन/ शुद्धिपत्र/ स्पष्टीकरण की जानकारी के लिए उक्त वेबसाइट/ ई-पोर्टल को देखना चाहिए। बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक
फोर्ट ग्लासिस, नं 16,
राजाजी सालै
चेन्नै – 600 001